# कलंकारोपण-रोधी संरक्षणों (एंटी-विलिफिकेशन प्रोटेक्शन्स) की जांच के लिए प्रतिक्रिया

**Hindi** | हिन्दी

## कलंकारोपण (विलिफिकेशन) क्या होता है?

कलंकारोपण एक प्रकार का व्यवहार होता है। यह किसी व्यक्ति की नस्ल या धर्म के कारण नफरत, गंभीर अवमानना, घृणा या गंभीर उपहास को उकसाता है या प्रोत्साहित करता है। यह किसी व्यक्ति-विशेष या लोगों के समूह के विरुद्ध हो सकता है।

कलंकारोपण के उदाहरणों में ये कार्य शामिल हो सकते हैं:

- ऑनलाइन नस्लवादी टिप्पणियाँ करना, जिससे अन्य लोग किसी व्यक्ति से घृणा करने या उसका उपहास करने में समर्थ हो सकें
- किसी सार्वजनिक मुलाकात या रैली में बयान देना, जो लोगों के किसी समूह की नस्ल या धर्म के आधार पर उनके प्रति अवमानना को प्रोत्साहित करता हो
- दीवारों पर ग्रैफिटी लिखना, जिससे लोगों को किसी अन्य नस्ल या धार्मिक समूह से घृणा करने के लिए प्रोत्साहन मिलता हो

विक्टोरिया में नस्लीय और धार्मिक सहिष्णुता अधिनियम 2001 (Racial and Religious Tolerance Act 2001) कलंकारोपण की रोकथाम करता है। यह नस्ल और धर्म के आधार पर सार्वजनिक रूप से कलंकारोपण किए जाने के मामलों में लोगों का संरक्षण कर सकता है। इसके अंतर्गत विकलांगता, लिंग या यौन अभिविन्यास के आधार पर किया जाने वाला कलंकारोपण शामिल नहीं है।

### कलंकारोपण भेदभाव और यौन उत्पीड़न से अलग है।

भेदभाव किसी व्यक्ति के साथ खराब या गलत तरीके से किया गया व्यवहार होता है, जो कानून के तहत संरक्षित उनकी व्यक्तिगत विशेषता से प्रेरित होता है (उदाहरण के लिए, उनकी आयु, विकलांगता या लैंगिक पहचान)।

यौन उत्पीड़न अवांछित यौन व्यवहार होता है, जिसके कारण व्यक्ति बुरा, अपमानित या भयभीत महसूस करता है। उदाहरण के लिए, इसमें यौन प्रकृति के चुटकुले या किसी व्यक्ति के यौन जीवन के बारे में हस्तक्षेपी प्रश्न शामिल हैं।

समानावसर अधिनियम 2010 (Equal Opportunity Act 2010) के अनुसार जब सार्वजनिक जीवन के कुछ क्षेत्रों में भेदभाव और यौन उत्पीड़न किया जाता है (उदाहरण के लिए, कार्यस्थल, स्कूल और दुकानों में), तो यह गैर-कानूनी होता है।

## विक्टोरिया में कलंकारोपण-रोधी संरक्षणों की जांच

कानूनी और सामाजिक मुद्दे समिति (Legal and Social Issues Committee) ने इस बारे में जांच की कि विक्टोरिया के कलंकारोपण-रोधी कानून कैसे काम कर रहे हैं। यह समिति विक्टोरिया की संसद में विधान सभा (Legislative Assembly) का हिस्सा है।

समिति ने अपनी जांच के हिस्से के रूप में सार्वजनिक प्रस्तुतियाँ जमा करने के लिए आग्रह किया। समिति को 62 लिखित निवेदन और 11 अनुपूरक प्रस्तुतियां मिलीं। समिति ने मेलबर्न में सात दिनों के लिए जनसुनवाइयाँ आयोजित की, व्यक्तिगत रूप से और वीडियो लिंक, दोनों माध्यमों से।

समिति ने 3 मार्च 2021 को कलंकारोपण-रोधी संरक्षणों पर अपनी रिपोर्ट (रिपोर्ट) जारी की।



VICTORIA State Government | Justice and Community Safety

रिपोर्ट में पाया गया कि कई विक्टोरियावासियों के लिए कलंकारोपण एक सामान्य बात है, जिनमें इन समूहों से आने वाले लोग शामिल हैं:

- सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविधतापूर्ण पृष्ठभूमियों के लोग
- विशिष्ट आस्था-समूहों के लोग
- आदिवासी (एबोरिजनल) और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोग
- LGBTIQ+ के रूप में अपनी पहचान करने वाले लोग
- विकलांगता-ग्रस्त लोग

कलंकारोपण स्कूलों, खेल के मैदानों, कार्यस्थलों, सेवाओं, और ऑनलाइन परिवेशों में होता है।

रिपोर्ट में कलंकारोपण के विरुद्ध विक्टोरिया के संरक्षणों को सशक्त बनाने के लिए 36 संस्तुतियाँ की गई हैं। कुछ प्रमुख संस्तुतियों में ये शामिल हैं:

- कलंकारोपण-रोधी संरक्षणों को जाति और धर्म से परे विस्तारित करना (उदाहरण के लिए, लिंग और/या सेक्स, यौन अभिविन्यास, लैंगिक पहचान और/या लैंगिक अभिव्यक्ति, लैंगिक विशेषताओं और/या अंतरलैंगिक स्थिति, विकलांगता, एचआईवी/एड्स स्थिति के आधार पर कलंकारोपण की रोकथाम के लिए)
- नागरिक और आपराधिक कलंकारोपण व्यवहारों की सीमाएँ कम करना
- नाज़ी प्रतीकों के सार्वजनिक प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाना।

## सरकार की प्रतिक्रिया

विक्टोरिया सरकार ने रिपोर्ट की संस्तुतियों का उत्तर दिया है। रिपोर्ट की 36 संस्तुतियों में से सरकार 34 संस्तुतियों का सैद्धांतिक रूप से समर्थन करती है।

अब सरकार परिवर्तन करने का सबसे अच्छा तरीका निर्धारित करने की योजना बना रही है। कुछ संस्तुतियों के लिए सरकार को कानून बदलने की आवश्यकता है। कई संस्तुतियों के लिए विक्टोरियाई समुदाय से इनपुट की आवश्यकता होगी, जिनमें कलंकारोपण का अनुभव करने वाले सामुदायिक समूह भी शामिल हैं। कुछ संस्तुतियों के लिए अलग-अलग मानवाधिकारों के बारे में सावधानीपूर्वक विचार करने की आवश्यकता होगी।

सरकार का नस्लवाद-रोधी कार्यबल (Anti-Racism Taskforce) भी विक्टोरिया की नई नस्लवाद-रोधी कार्यनीति (Anti-Racism Strategy) विकसित कर रहा है। नस्लवाद-रोधी कार्यनीति (Anti-Racism Strategy) जांच की संस्तुतियों को लागू करने में संपूरक का काम करेगी।

सरकार नाज़ी प्रतीकों के सार्वजनिक प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून लागू करेगी, जिसमें समुचित बहिष्करण भी शामिल होंगे। इससे यह स्पष्ट संदेश भेजा जाएगा कि नाज़ी विचारधारा के संबंध में इन प्रतीकों के प्रदर्शन को विक्टोरिया सहन नहीं करेगा। इसका उद्देश्य धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक मूल्य के प्राचीन प्रतीकों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाना या उन्हें आपराधिक घोषित करना नहीं है।

सरकार इस कानून को विकसित करने के लिए विक्टोरिया के यहूदी, हिंदू, बौद्ध और जैन समुदायों समेत अन्य समुदायों के साथ परामर्श करेगी।

सरकार हिंदू और अन्य आस्था-आधारित समुदायों के लिए स्वास्तिक प्रतीक के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को स्वीकार करती है, जिनमें बौद्ध और जैन समुदाय भी शामिल हैं।

इन आस्था-आधारित समुदायों के सदस्यों के लिए स्वास्तिक प्रतीक न केवल पूजास्थलों में अंकित किया जाता है, बल्कि इसे आशीर्वाद और शांति के प्रतीक के रूप में भी अक्सर उनके घरों के बाहर और धार्मिक परिवेशों में प्रदर्शित किया जाता है। इस प्रतीक तथा नाज़ियों द्वारा हेकनक्रूज़ (Hakenkreuz) कहे जाने वाले प्रतीक के बीच के अंतर को समझना और जानना आवश्यक है, क्योंकि हेकनक्रूज़ (Hakenkreuz) का उपयोग घृणा और हिंसा फैलाने के लिए किया गया था। यह उम्मीद की जाती है कि नाज़ी हेकनक्रूज़ (Hakenkreuz) प्रतीक भी, जिसमें स्वास्तिक के साथ कुछ सामान्य रूप से दिखाई देने वाली विशेषताएँ हैं, इस प्रतिबंध के दायरे में आएगा।

कानून का विकास करने में हम धार्मिक और सांस्कृतिक उपयोग के प्रयोजन से स्पष्ट और स्थाई बहिष्करण विकसित करने के लिए प्रभावित होने वाले समूहों के सामुदायिक अग्रणियों के साथ मिलकर काम करेंगे, ताकि इन समुदायों को नाज़ी हेकनक्रूज़ (Hakenkreuz) प्रतीक पर प्रस्तावित प्रतिबंध के फलस्वरूप नकारात्मक परिणामों का सामना न करना पड़े।

## कलंकारोपण का अनुभव करने वाले लोगों के लिए समर्थन

आपातस्थिति में हमेशा पुलिस को तीन शून्य (000) पर कॉल करें।

यदि आपको लगता है कि आपको कलंकारोपण का अनुभव हुआ है, तो आप इनसे संपर्क कर सकते/सकती हैं:

- **विक्टोरिया समानावसर और मानवाधिकार आयोग (Victorian Equal Opportunity and Human Rights Commission)**
  नस्लीय या धार्मिक कलंकारोपण के बारे में शिकायतों को हल करने में सहायता करता है। समुदाय रिपोर्टिंग टूल का उपयोग करके ऑनलाइन शिकायत करें या VEOHRC को 1300 292 153 पर फोन से संपर्क करें या enquiries@veohrc.vic.gov.au पर ईमेल भेजें।

- **विक्टोरियन लीगल एड** (Victorian Legal Aid)
  कानून के बारे में निःशुल्क जानकारी और सहायता प्रदान करता है। संपर्क: 1300 792 387 या वेबसाइट legalaid.vic.gov.au पर जाएँ।

- **विक्टोरिया आदिवासी कानूनी सेवा (Victorian Aboriginal Legal Service)**
  विक्टोरिया में आदिवासी (एबोरिजनल) और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों को कानूनी सलाह और जानकारी प्रदान करती है। संपर्क: 1800 064 865 या vals@vals.org.au.

- **रेनबो डोर**
  एक निःशुल्क विशेषज्ञ LGBTIQA+ हेल्पलाइन। यह सभी LGBTIQA+ विक्टोरियावासियों, उनके परिजनों और दोस्तों को समर्थन और रेफरल प्रदान करती है। संपर्क 1800 729 367, ईमेल support@rainbowdoor.org.au या एसएमएस 0480 017 246.

- **क्यूलाइफ (QLife)**
  अनेकानेक मुद्दों के बारे में बात करने के इच्छुक लोगों के लिए पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में LGBTQIA+ सहकर्मी समर्थन और रेफरल प्रदान करता है, जिनमें यौन अभिविन्यास, पहचान, लिंग, शरीर, भावनाओं, या रिश्तों से संबंधित मुद्दे भी शामिल हैं। संपर्क 1800 184 527 या वेबसाइट qlife.org.au पर जाएँ।

- **नस्लवाद की रिपोर्ट करने के लिए हॉटलाइन (Report racism hotline)**
  विक्टोरिया में स्थित किसी सरकारी स्कूल में नस्लीय और धार्मिक दुर्व्यवहार या भेदभाव की घटना की सूचना देने के बारे में बच्चों और माता-पिता/देखभालकर्ताओं को सलाह और मार्गदर्शन प्रदान करता है। संपर्क: 1800 722 476 या report.racism@education.vic.gov.au.

- **डिसेबिलिटी गेटवे (विक्टोरिया) [Disability Gateway (Victoria)]**
  विकलांगता के साथ जीवन जीने वाले जिन लोगों को भेदभाव और असमानता का अवसर हुआ है, उनका पक्ष-समर्थन करने वाले संगठनों के बारे में जानकारी और लिंक्स प्रदान करता है। वेबसाइट disabilitygateway.gov.au/legal/advocacy/vic पर जाएँ।

- **पैरेंटलाइन (Parentline)**
  योग्यता-प्राप्त परामर्शदाता के माध्यम से माता-पिता और देखभालकर्ताओं को परामर्श और समर्थन प्रदान करता है, सुबह 8बजे से मध्यरात्रि तक, सप्ताह में 7 दिन, सार्वजनिक अवकाश सहित। 13 22 89 पर संपर्क करें।

- **ईसेफ्टी आयुक्त कार्यालय (Office of the eSafety Commissioner)**
  ऑनलाइन दुर्व्यवहार के बारे में शिकायतों का उत्तर देता है। साइबरबुलीइंग, इमेज-आधारित शोषण तथा किसी भी गैर-कानूनी और हानिकारक सामग्री के संबंध में वेबसाइट esafety.gov.au/report पर रिपोर्ट की जा सकती है।

- **लाइफ़लाइन (Lifeline)**
  24 घंटे संकट समर्थन और आत्महत्या रोकथाम सेवाएँ प्रदान करता है। 13 11 14 पर संपर्क करें।

- **किड्स हेल्पलाइन (Kids Helpline)**
  5 से 25 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए 24 घंटे परामर्श सेवा प्रदान करता है। संपर्क 1800 551 800 या counsellor@kidshelpline.com.au.

- **विक्टोरिया आदिवासी समुदाय नियंत्रित स्वास्थ्य संगठन (वीएसीसीएचओ) [Victorian Aboriginal Community Controlled Health Organisation (VACCHO)]**
  आदिवासी (एबोरिजनल) और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों के लिए विशिष्ट संसाधनों और संपर्कों के बारे में सलाह और आगे की जानकारी प्रदान करता है। संपर्क: 03 9411 9411 या वेबसाइट vaccho.org.au पर जाएँ।

- **मेन्सलाइन ऑस्ट्रेलिया (MensLine Australia)**
  पुरुषों के लिए 24 घंटे सहायता, समर्थन, रेफरल और परामर्श सेवाएँ प्रदान करता है। 1300 789 978 पर संपर्क करें।

- **सुसाइड कॉल बैक सेवा (Suicide Call Back Service)**
  आत्महत्या की रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य के लिए 24 घंटे परामर्श प्रदान करती है। आत्मघाती विचारों से प्रभावित व्यक्ति के लिए टेलीफोन, ऑनलाइन और वीडियो के माध्यम से समर्थन प्रदान करती है। 1300 659 467 पर संपर्क करें।

- **विक्टोरिया पुलिस (Victoria Police)**
  यदि आप नस्लीय और धार्मिक कलंकारोपण या दुर्व्यवहार की गंभीर घटना के/की शिकार हुए/हुई हैं, तो आपातकालीन सहायता के लिए तीन शून्य (000) पर संपर्क करें। विक्टोरिया पुलिस (Victoria Police) पूर्वधारणाओं से प्रेरित अपराध का प्रबंधन कैसे करती है, इसके बारे में और अधिक जानकारी उनकी वेबसाइट police.vic.gov.au/prejudice-and-racial-and-religious-vilification पर प्राप्त करें।

- **बियॉन्ड ब्लू**
  चिंता, अवसाद और आत्महत्या से प्रभावित लोगों के लिए 24-घंटे समर्थन प्रदान करता है। 1300 224 636 पर संपर्क करें। बियॉन्ड ब्लू के पास आदिवासी (एबोरिजनल) और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों के लिए समर्पित संसाधन भी हैं।

- **हेडस्पेस (Headspace)**
  मानसिक स्वास्थ्य और सकुशलता के बारे में जानकारी और समर्थन प्रदान करता है। 1800 650 890 पर संपर्क करें। हेडस्पेस (Headspace) 12-25 वर्ष के बच्चों के लिए आरंभिक हस्तक्षेपी मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ भी उपलब्ध कराता है। हेडस्पेस (Headspace) विशेष रूप से आदिवासी (एबोरिजनल) और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों के लिए संसाधन भी उपलब्ध कराता है।

- **रीचआउट (ReachOut)**
  25 वर्ष से कम आयु के लोगों के लिए मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के बारे में समर्थन प्रदान करता है।

- **ब्लू नॉट फाउंडेशन (Blue Knot Foundation)**
  ब्लू नॉट फाउंडेशन (Blue Knot Foundation) विकलांगता-ग्रस्त लोगों, उनके परिवारों और देखभालकर्ताओं के लिए निःशुल्क, विशेषज्ञ परामर्श समर्थन और रेफरल सेवा प्रदान करता है। 1800 421 468 पर संपर्क करें (सुबह 9बजे – शाम 6बजे एईडीटी सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9बजे – शाम 5बजे एईडीटी शनिवार, रविवार और सार्वजनिक अवकाशों के दिन)। यदि आप बधिर हैं या आपकी सुनने या बोलने की क्षमता में कमी है, तो राष्ट्रीय रिले सेवा को 133 677 पर कॉल करें और उन्हें आपकी बात करवाने के लिए नंबर 02 6146 1468 दें। दुभाषियों के लिए निवेदन किया जा सकता है।

- **विकलांगता-ग्रस्त बच्चों का संगठन (Association for Children with Disability)**
  विक्टोरिया में विकलांगता-ग्रस्त बच्चों के परिवारों को जानकारी, समर्थन और पक्ष-समर्थन प्रदान करता है। (03) 9880 7000 पर संपर्क करें या वेबसाइट acd.org.au पर जाएँ।

- **वेलमोब (WellMob)**
  आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों द्वारा और उनके लिए बनाए गए ऑनलाइन संसाधन प्रदान करता है, जो सामाजिक और भावनात्मक सकुशलता पर फोकस करते हैं। इसमें वेबसाइट, ऐप्स, पॉडकास्ट, वीडियो, सोशल मीडिया और ऑनलाइन परामर्श शामिल है। (08) 9370 6336 पर संपर्क करें।

- **यार्निंग सेफएनस्ट्रॉन्ग (Yarning SafeNStrong)**
  आदिवासी (एबोरिजनल) और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों के लिए पूरे विक्टोरिया-भर में 24/7 सामाजिक और भावनात्मक सकुशलता हेल्पलाइन प्रदान करता है। 1800 95 95 63 पर संपर्क करें, ysns@vahs.org.au पर ईमेल भेजें, या वेबसाइट vahs.org.au/yarning-safenstrong/ पर जाएँ।